Title : Regarding need to include Ajmer district under National Rural Employment Guarantee Programme.

(viii) Need to include Ajmer district under

National Rural Employment Guarantee Programme

प्रो. रासा सिंह रावत : महोदय, अजमेर जिला अत्यंत पिछड़ा हुआ है। यहां पर गरीबी की रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले तथा अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग के लोगों की संख्या अत्यधिक है। विगत 4-5 वर्ों से लगातार कम वर्ा होने तथा घोर अकाल जैसी परिस्थितियां उत्पन्न होने के कारण कृि उत्पादन नहीं के बराबर हुआ है। किसानों की सारी फसलें बर्बाद हो गयी हैं। किसान कर्ज के बोझ से अत्यधिक दबे हुए हैं। वर्ा की अत्यधिक कमी के कारण कुएं, तालाब, बावड़ियां, सिंचाई एवं पेयजल के स्रोत सूख गये हैं। चारे की कमी के कारण पशुधन भी नट हो रहा है। परिणामस्वरूप बेरोजगारों की संख्या दिन दूनी रात चौगनी बढ़ती जा रही है। लोग घर-बार छोड़कर रोटी-रोजी की तलाश में मैट्रो शहरों की ओर जाने को विवश हो रहे हैं। इन विम परिस्थितियों में ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार दिलाना अत्यन्त आवश्यक है जिससे लोगों को रोटी-रोजी का सहारा मिल सके।

अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में व्यापक जनहित में अजमेर जिले को भी अविलम्ब सम्मिलित कर राट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना क्रियान्वित की जाए।